>

Title: Need to upgrade Malviya Engineering College at Jaipur to the level of Indian Institute of Technology.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, भारत सरकार ने राजस्थान में एक भारतीय तकनीकी संस्थान खोलने की घोषणा की थी जो अभी तक पूरी नही हुई है। जयपुर स्थित मालवीय इंजीनियरिग कॉलेज को भारतीय तकनीकी संस्थान में परिवर्तित किया जाये क्योंकि जयपुर शहर में सड़क, रेल वायुयान, मेडिकल कॉलेज तथा पर्याप्त जमीन भवन के लिए उपयुक्त स्थान है, ये सभी व्यवस्थाएं होने के बावजूद भी भारत सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जयपुर स्थित मालवीय इंजीनियरिग कॉलेज को भारतीय तकनीकी संस्थान में परिवर्तित कर शीघ्र ही खुलवाने की उचित कार्यवाही करें।

*Treated as laid on the Table